PRINT

हरिभूमि (Haribhoomi)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 88036 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 25.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 10 | क्रम सं. (Serial No.) 02 |

# सीआईएसएफ 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2025 में बनी ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीआईएसएफ ने एक बार फिर अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन, करनाल में आयोजित 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर में ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। देश की श्रेष्ठ पुलिस एवं अर्धसैनिक खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में सीआईएसएफ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और ग्रीको-रोमन (पुरुष) में प्रथम स्थान, फ्रीस्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फ्रीस्टाइल (महिला) और बॉक्सिंग (महिला) में रनर-अप रही। इस शानदार उपलब्धि में व्यक्तिगत स्तर पर भी खिलाड़ियों ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। महिला 59 कि.ग्रा. वर्ग में रेखा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, वहीं पुरुष 55-60 कि.ग्रा. वर्ग में हर्ष ने 5-0 की एकतरफ़ा जीत दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। यह चैंपियनशिप पूरे देश से आए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच मित्रता और खेल भावना के उत्साह को भी प्रदर्शित करती है। समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की तथा विजेताओं को उनके समर्पण पर सम्मानित किया।